तापमान
अधिकतम 40 डिग्री
न्यूनतम 27 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, रविवार 20 अप्रैल 2025

12 शिक्षा शेरनी का वह दूध है जो पियेगा वह दहाड़ेगा : अजय





14 ई-रिक्शा और ऑटो चालकों में फिर ठनी





कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड


## खबर संक्षेप

### फायर कंट्रोल रूम का नंबर चस्पा किया



**धमतरी।** अग्निशमन सुरक्षा सप्ताह के दौरान जिला सेनानी एवं जिला अग्निशमन अधिकारी के निर्देश पर फायर विभाग के कर्मचारियों ने शहर के विभिन्न चौक-चौराहों, सार्वजानिक स्थल, अस्पतालों, स्कूल प्रांगण, धर्मशाला, मैरिज हॉल, पेट्रोल पंप, गैस गोदाम, पटाखा दुकान में फायर कंट्रोल रूम का नंबर चस्पा किया। इससे कहीं भी आग लगने की घटना होने पर तत्काल अग्निशमन विभाग के कंट्रोल रूम पर सूचना दी जा सकती है ताकि समय रहते अग्नि दुर्घटना पर काबू पाया जा सके।

### गंधर्व समाज की बैठक आज

**नगरी।** गंधर्व समाज जिला धमतरी कार्यकारिणी की बैठक ग्राम दुगली में 20 अप्रैल को सुबह 10 बजे रखी गई है। अध्यक्ष, सचिव ने समाजजनों से उपस्थिति की अपील की है।

### परिक्षेत्रीय स्तर पर 25 को मनेगी सेन जयंती

**धमतरी।** सर्व सेन समाज की बैठक गत दिनों हुई। 25 अप्रैल को संत शिरोमणि सेनजी महाराज की जयंती तहसील एवं परिक्षेत्रीय स्तर पर मनाने का निर्णय लिया गया। स्वजातीयगण अपने-अपने घरों में ईष्ट गुरु सेनजी की पूजा-अर्चना कर उनकी जयंती मनाएंगे। सेन जयंती पर पूरे जिले के सामाजिकजन अपनी प्रतिष्ठानें बंद रख आस्था और सामाजिक एकता का परिचय देगें। यह जानकारी धनसिंह सेन जिलाध्यक्ष, लालाराम सेन उपाध्यक्ष, भगवानीराम शांडिल्य सचिव, रविकुमार कौशल कोषाध्यक्ष ने दी है।

### स्टार्टअप के लिए कार्यशाला 25 को

**धमतरी।** जिले के आदिवासी युवाओं को रोजगार के सुनहरे अवसर तलाशने और उनका भविष्य संवारने के लिए स्टार्टअप शुरू करने एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की जाएगी। यह कार्यशाला 25 अप्रैल को सुबह 10 बजसे नगरी ब्लॉक के सुखराम नागे शासकीय महाविद्यालय छिपली में होगी। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने महाविद्यालय के प्राचार्य को कार्यशाला के लिए आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### रूद्री स्कूल अब नवीन अध्ययन केन्द्र

**धमतरी।** राज्य ओपन स्कूल रायपुर द्वारा कक्षा दसवीं और बारहवीं की ओपन परीक्षा संचालित करने के लिए आवेदन फॉर्म अग्रेषण हेतु शिवसिंह वर्मा आदर्श शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धमतरी को अध्ययन केन्द्र बनाया गया था। इसके स्थान पर अब शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रूद्री को नवीन अध्ययन केन्द्र बनाया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी ने प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रूद्री को निर्देशित किया है कि वे पूर्व अध्ययन केन्द्र शिवसिंह वर्मा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धमतरी से केन्द्र के सभी दस्तावेज प्राप्त कर लें। साथ ही छात्रहित को ध्यान में रखते हुए राज्य ओपन स्कूल रायपुर द्वारा माह अगस्त-सितम्बर परीक्षा 2025 के लिए अधिक से अधिक संख्या में ओपन स्कूल के प्रवेश आवेदन फॉर्म जमा करना सुनिश्चित करें।

नगर निगम में कमीशनखोरी पर नकेल कसने की कवायद

# महापौर पर सिस्टम भारी पड़ेगा या सिस्टम पर महापौर ?

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

नगर निगम में बरसों से 17 से 25 प्रतिशत तक कमीशनखोरी का खून चखने और चखाने वाले नेता, अधिकारी और ठेकेदार सकते में आ गए हैं। शुक्रवार को आमापारा में गुणवत्ताहीन निर्माण पर महापौर और ठेकेदार के बीच हुई बहस ने निगम में अजब सी हलचल मचा दी है। ठेकेदार सोचने पर मजबूर हो गए हैं कि पुराने ढर्रे पर काम करें कि गुणवत्तायुक्त निर्माण।

लोगों को यह पता है कि भ्रष्टाचार की जड़ें विकास कार्यों के निर्माण में छिपी हुई हैं। जो नेता जितना विकास कार्य कराएगा, वह उतना पैसा कमीशन से कमाएगा और यही वजह है कि विकास कार्यों की गुणवत्ता हमेशा ताक में रहती है। शासन अंतर्गत दर्जन भर विभाग निर्माण एजेंसी का काम करता है जिसमें पीडब्ल्यूडी, आरईएस, नगर निगम, इरिगेशन, ग्राम पंचायत, पीएचई, ग्राम पंचायत, ट्रैवल, मंडी बोर्ड आदि हैं। निर्माण एजेंसियों में ऐसा खेल है कि ऊपर से नीचे तक सबका कमीशन बंधा हुआ है। यही वजह है कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता हमेशा ताक पर रखी जाती है। नगर निगम के ठेकेदार ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि निगम एजेंसी के अंतर्गत कोई भी कार्य करने पर सबका कमीशन



बंधा हुआ है। आयुक्त 2 प्रतिशत, महापौर 2 प्रतिशत, पार्षद 2 प्रतिशत, ई 2 प्रतिशत, एई 2 प्रतिशत, एकाउंटेंट 1 प्रतिशत, विकास कार्य की देखरेख और फाइल तैयार करने वाला इंजीनियर 3 से 5 प्रतिशत, पार्षद निधि में पार्षदों को 5 से 10 प्रतिशत का कमीशन बंधा हुआ है। निगम ठेकेदार ने बताया कि निगम के इस कार्यकाल में महापौर और कमिश्नर ने कमीशन लेने से हाथ खड़ा कर दिया है जिससे निगम के सिस्टम में हलचल मच गई है। देखना अब यह है कि महापौर सिस्टम के खिलाफ लड़ाई में सफलता हासिल करते हैं कि या वह भी इस सिस्टम का हिस्सा बन जाएंगे।

### पैसा कमाने के लिए बनते हैं जनप्रतिनिधि

निकाय चुनाव में कई नेता ऐसे हैं जिसका मकसद सिर्फ पैसा कमाना होता है। अधिकांश पार्षद, अध्यक्ष, महापौर चुनाव जीतने के बाद कमीशनखोरी के अलावा गुप्त रूप से ठेकेदारी भी करते हैं। इनकी शह पर ठेकेदारों की रिंग बनाकर टेंडर भरा जाता है। इससे ठेकेदारों के बीच प्रतिस्पर्धा नहीं होने से तय लागत से अधिक का टेंडर भरा जाता है जिससे निगम या अन्य निर्माण एजेंसियों को अधिक लागत पर ठेका मिल जाता है। रिंग में शामिल ठेकेदार को अन्य निर्माण कार्य में ठेका लेने का मौका मिलता है या फिर इसके बदले में वंचित ठेकेदार को पैसा मिल जाता है। बताया जा रहा है कि रिंग बनाकर ठेका लेने की परंपरा पर भी महापौर की पैनी नजर है।

### निगम में कमीशनखोरी अब नहीं चलेगी : रामू



महापौर जगदीश रामू रोहरा ने हरिभूमि से चर्चा में कहा कि निगम में कमीशनखोरी अब नहीं चलेगी। विकास कार्यों की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं होगा। उन्होंने निगम के अधिकारी, कर्मचारी तथा पार्षदों से अपील करते हुए कहा कि कमीशन के बदले गुणवत्तापूर्ण कार्य कराएं। किसी भी अधिकारी, कर्मचारी के खिलाफ कमीशन मांगने की शिकायत होती है तो उस पर सख्त एक्शन लिया जाएगा।

# जिले के जंगल में दो दल के 6 हाथी कर रहे विचरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

■ नगरी क्षेत्र में धान फसल का स्वाद चख रहे

चंदा हाथी दल के दो दंतैल डुबान क्षेत्र से वापस सिंगपुर जंगल की ओर कूच कर रहे हैं। वहीं सीतानदी दल के चार हाथी नगरी क्षेत्र में धान की फसल का स्वाद चख रहे हैं। हाथी मित्रदल हाथियों की निगरानी में हैं। संबंधित गांव में मुनादी कराकर लोगों को सतर्क रहने को कहा जा रहा है।

दुगली परिक्षेत्र के हाथी मित्रदल प्रभारी बसंतलाल ध्रुव, दल सहायक संजय मरकाम ने बताया



कि 19 अप्रैल को ग्राम दुगली में खम्मन मंडावी के खेत में धान फसल को खाकर हाथियों को नगरी परिक्षेत्र के कक्ष क्र. 273 में विचरण करते देखा गया है। वहीं 4 हाथी फगवा, बोधीराम की धान फसल को नुकसान पहुंचाकर गजकन्हार परिसर के कक्ष क्र. 273, 270 में विचरण कर रहे हैं। हाथियों के विचरण वाले क्षेत्र के आसपास के गांवों में हाथी से सतर्क रहने की मुनादी की गई है।

इधर चंदा हाथीदल के दो दंतैल गंगरेल डुबान क्षेत्र में आगे बढ़ने की बजाय वापसी की राह ले ली है। केरेगांव क्षेत्र के हाथी निगरानी दल प्रमुख मंशाराम साहू ने बताया कि दो दंतैल का लोकेशन शनिवार को छुही परिक्षेत्र के जंगल में था। ये हाथी अब उत्तर सिंगपुर के जंगल की ओर वापस लौट रहे हैं। इन हाथियों के चलने से ग्राम पीपरछेड़ी में परदेशीराम के खेत में लगी धान फसल को नुकसान पहुंचा है।

# भीगे हुए धान से करोड़ों के गोलमाल करने की तैयारी : आनंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

कांग्रेस नेता आनंद पवार ने चिटौद धान संग्रहण केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि हज़ारों कैप कवर की खरीदी करने और उपलब्धता सुनिश्चित होने के बावजूद धान को बारिश के पानी में भीगने दिया जा रहा है। भीगे हुए धान का वजन अधिक होगा और उसके बचत की लगभग तीस करोड़ रुपए का बंदरबाट किए जाने का संदेह है। व्यापारियों को ओवर वेट और गुणवत्ता हीन धान का उठाव करने मजबूर कर विष्णुदेव साय सरकार के अधिकारी सरकार के संरक्षण में राइस मिलरों की



कमर तोड़कर चावल उद्योग को ख़त्म करने का षड्यंत्र कर रहे हैं। व्यापारियों को कस्टम मिलिंग और ट्रांसपोर्टिंग के रुके पैसे के भुगतान के ऐवज में पुनः भीगे हुए धान के उठाव के लिए विवश कर उनकी परेशानी का नाजायज फ़ायदा उठाया जाएगा। विष्णुदेव साय सरकार के अधिकारी कर्मचारी छत्तीसगढ़ के पूरे चावल उद्योग को खत्म कर अडानी अंबानी जैसे चंद बड़े उद्योगपतियों के भारी भरकम उद्योग का रास्ता साफ़ करने जा रहे हैं।

# अर्जुनी के पास पेड़ गिरा, विद्युत आपूर्ति बंद



■ सोंढूर, तुमड़ीबहार, ठेनही में बारिश, अंधड़ से बिजली के तार टूटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

ब्लाक के अंतिम छोर के गांव बासीन, अर्जुनी, तुमड़ीबहार, सोंढूर में आंधी तूफान के साथ बारिश लोगों के लिए आफत लेकर आई। आंधी तूफान से पेड़ पर बिजली तार गिर गए। कई जगह खंभे टूट गए हैं। ज्ञात हो कि एक सप्ताह से मौसम में उतार-चढ़ाव का क्रम जारी है। आसमान में काले बादल उमड़ रहे हैं। शुक्रवार की शाम को वनांचल क्षेत्र सोंढूर तुमड़ीबहार, ठेनही, अर्जुनी में अंधड़ के चलते कई जगह



बिजली के तार टूटकर बिखर गए। विद्युत पोल धरासायी हो गए। अर्जुनी, बासीन मुख्य मार्ग में अर्जुनी के पास विशाल पेड़ गिर गया जिसके चलते रात में से विद्युत आपूर्ति बंद हो गई है। पेड़ गिरने की वजह से लोगों की आवाजाही भी प्रभावित हुई है। ग्रामीणों ने बताया कि बेमौसम बारिश से धान सहित अन्य फसलों में बीमारी की संभावना बढ़ गई है। अचानक हुई बारिश ने धान की फसल को भी प्रभावित किया है।

# निर्माणाधीन भारतमाला सड़क से 14 नग स्टील पोल की चोरी

■ चोरों ने नट बोल्ट को काटकर चोरी की घटना को दिया अंजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

भारतमाला सड़क पर लगाए गए न्वायज बैरियर (स्टील पोल) की अज्ञात चोर ने चोरी कर ली है। नट बोल्ट को काटकर चोरी की घटना को अंजाम दिया है।

पुलिस के अनुसार भारतमाला परियोजना के तहत रायपुर से विशाखापटनम तक सिक्सलेन सड़क निर्माण का कार्य जारी है। नगरी ब्लाक के दुगली थाना क्षेत्र स्थित ग्राम सारंगपुरी व बेधवापथरा के बीच निर्माण कार्य जारी है। निर्माता कंपनी द्वारा सड़क किनारे न्वायज बैरियर (स्टील पोल) लगाने का काम किया जा रहा है। इस बैरियर के लग जाने से सड़क से गुजरने वाले वाहनों के हार्न की आवाज से जंगली जानवरों को होने वाली परेशानी से निजात मिलेगी। बैरियर लगाने के लिये



स्टील के पोल को सीमेंट कांक्रीट से जाम कर नट-बोल्ट लगाकर खड़ा किया गया है। बीते 4 से लेकर 13 अप्रैल की रात्रि में ग्राम सारंगपुरी व बेधवापथरा के पास लगे 14 नग पोल की अज्ञात चोरों ने नट-बोल्ट को काटकर चोरी कर ली। चोरी गए स्टील पोल की कीमत 38 हजार 556 रूपये है। कंपनी के गोंदलानाला में आफिस असिस्टेन्ट के पद पर पदस्थ अरविन्द कुमार यादव ने पुलिस को दिये शिकायत में सात लोगों पर चोरी करने का आशंका जताते हुए बताया है कि चोरी में शामिल एक व्यक्ति की दुकान से कुछ सामान बरामद भी हुआ है। यह भी पता चला है कि उक्त व्यक्ति भारतमाला सड़क पर लगाये जा रहे सामानों की चोरी कर पिकअप के माध्यम से धमतरी व रायपुर ले जाकर बेच देता है। घटना की रात्रि साइट पर उक्त पिकअप को देखा गया था। शिकायत पर दुगली पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 303(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# पुलिस ने दी ई-रिक्शा चालकों को यातायात नियमों की जानकारी





हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

■ 16 वाहन चालकों पर हुई कार्रवाई

यातायात पुलिस द्वारा ई-रिक्शा चालकों को ट्रेफिक रूल्स के बारे में जानकारी देते हुये बिना लाइसेंस के वाहन नहीं चलाने की समझाइश दी गई। वहीं बाईपास में 16 वाहन चालकों पर कार्रवाई की गई है।

पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय के निर्देश पर यातायात डीएसपी सुश्री मोनिका मरावी के मार्गदर्शन में एएसआई भेनराम वर्मा द्वारा पुरानी मंडी में ई-रिक्शा चालकों को यातायात के नियमों के बारे में बताया गया। इस दौरान चालकों को वाहन में अत्याधिक सवारी नहीं बैठाने, सवारी को मार्ग में कहीं भी नहीं उतारने, बिना लाइसेंस के वाहन नहीं चलाने, सदर मार्ग पर अनावश्यक वाहन खड़ा नहीं करने, ओव्हरटेक नहीं करने व अपने लेन में ही वाहन चलाने की जानकारी दी गई। यातायात शाखा में अपने वाहन का दस्तावेज जमा कर सत्यापन कराकर नंबर लेने को कहा गया। चालकों को यातायात नियमों का पालन करने की समझाइश दी गई।

वहीं सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने व दुर्घटना में कमी लाने राष्ट्रीय राजमार्ग में चिन्हित ब्लैक स्पॉट कुरूद बाईपास में इंटर सेप्टर वाहन के माध्यम से एसआई रामकृष्ण साहू, आरक्षक तरूण साहू, जीवन साहू व हाईवे पेट्रोलिंग टीम 01 के सहयोग से 16 वाहन चालकों पर कार्रवाई की गई। यातायात पुलिस ने आमजनों से ट्रेफिक नियमों का पालन कर अपना व दूसरों का अमूल्य जीवन बचाने की अपील की है।

14 एकड़ क्षेत्र में फैली कॉलोनी में आमोद-प्रमोद का साधन नहीं

# हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में समस्याओं का अंबार

■ जहरीले जीव-जंतुओं के बीच रहने को मजबूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

दूर के ढोल सुहाने, यह कहावत हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी हटकेशर पर खूब जमती है। रत्नाबांधा रोड स्थित पुराना मंडी नाका चौक से हटकेशर के रास्ते प्रवेश करने पर बड़े-बड़े काम्पलेक्स और आलीशान मकान नजर आते हैं। यहां तक कि शहर में मकान खरीदने की इच्छा रखने वाला व्यक्ति एक बार हाउसिंग बोर्ड पहुंचकर बिकाऊ मकान की जानकारी लेता है। लेकिन यहां के रहवासी हाउसिंग बोर्ड की कार्यप्रणाली से खासे नाराज हैं। कहते हैं शिकायत पर भी यहां की समस्या का समाधान करने वाला कोई नहीं है।



### गार्डन बन जाता है तालाब

हाउसिंग बोर्ड में तीन गार्डन है। संतोष तिवारी, उमेश्वर साहू कहते हैं कि बारिश में तीनों गार्डन तालाब बन जाते हैं। दो गार्डन तो उजाड़ पड़ा है। घास का नामोंनिशान नहीं है। जहरीले जीव जंतुओं का बसेरा बना हुआ है। साफ सफाई, देखरेख के अभाव में निगम के माध्यम से लगाए गए ओपन जिम उखड़ने लगे हैं। इडब्लूएस कॉलोनी का गार्डन हरा-भरा है लेकिन घासफूस से अटा हुआ है। उनका कहना है कि कॉलोनीवासियों के आमोद-प्रमोद के लिए यहां कोई सुविधा नहीं है।



### निगम और हाउसिंग बोर्ड दोनों वसूलते हैं पैसे

रामगोपाल साहू, पुरूषोत्तम महावर का कहना है कि हाउसिंग बोर्ड तथा नगर निगम दोनों कॉलोनीवासियों से पैसे वसूलते हैं। मेंटनेंस खर्च के नाम पर 6 से 7 सौ रूपये हाउसिंग बोर्ड लेता है वहीं निगम क्षेत्र में मकान होने का टैक्स नगर निगम वसूलता है, लेकिन सुविधा के नाम पर कुछ नहीं है। नाली की सफाई भी महीने में एक बार हो जाए तो बहुत है। सफाई कर्मचारी अधिकतर हाउसिंग बोर्ड कार्यालय की सफाई करते नजर आते हैं।

हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी निवासी प्रहलाद साहू, जितेंद्र गौर ने बताया कि हाउसिंग बोर्ड के 4 से 5 सौ मकान तथा हटकेशर बस्ती के निस्तारी पानी की निकासी का कोई साधन नहीं है। सड़क लेवल पर घर बनाए जाने के कारण बरसात का पानी घरों के अंदर घुस जाता है। इस समस्या का निगम और हाउसिंग बोर्ड के पास कोई समाधान नहीं है।

हाउसिंग बोर्ड के अधिकारी श्री छाबड़ा ने कहा कि हाउसिंग बोर्ड के पास एक सुपरवाइजर सहित 6, 7 सफाईकर्मी हैं। इनके माध्यम से पानी की सप्लाई और नाली सफाई का कार्य होता है।


पाठक सूचना

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768 9098324969

**खबर संक्षेप**

### संत निरंकारी सत्संग भवन में विशाल रक्तदान शिविर 24 को

**कांकेर।** संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन के तत्वावधान में



सतगुरू माता सुदीक्षा महाराज की प्रेरणा से मानव एकता दिवस 24 अप्रैल को सुबह 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक सद्गुरु बाबा गुरबचन सिंह महाराज के शहादत दिवस के अवसर पर संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन द्वारा विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। संत निरंकारी सत्संग भवन कांकेर सिटी सेंटर मॉल के पीछे अघन नगर में किया जा रहा है। संत निरंकारी मिशन ब्रांच कांकेर के संयोजक राजा देवनानी ने उक्ताशय की जानकारी दी।

### अटल बिहारी बाजपेई की प्रतिमा स्थापना के लिए हुआ भूमिपूजन



**भानुप्रतापपुर।** नगर पंचायत भानुप्रतापपुर के वार्ड क्रमांक 6 में पीएचई ऑफिस के सामने अस्पताल रोड पर अटल परिसर निर्माण कार्य का भूमि पूजन नगर पंचायत अध्यक्ष निखिल सिंह राठौर ने किया। उन्होंने बताया कि अटल परिसर में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व.अटल बिहारी बाजपेयी की मैटल प्रतिमा स्थापना के लिए भूमिपूजन किया गया। उनकी स्मृतियों और उनके उल्लेखनीय कार्यों को सहेजा जाएगा। इस अवसर पर नगर पंचायत उपाध्यक्ष गजानंद डडसेना, पार्षद राजकुमार यादव, गुमान सिंह ठाकुर, भाजपा नरोत्तम सिंह चौहान, अभय पांडे, एकांत चौहान, लखन साहू, जुगल किशोर शर्मा, तपन साहू, राहुल शुक्ला समेत वार्डवासी उपस्थित रहे।

### आवास योजना में छूटे परिवारों का सर्वे जारी



**दुर्गूकोंदल।** प्रधानमंत्री आवास योजना में पात्र परिवार को जोड़ने के लिए आवास प्लस 2.0 मोर द्ववार साय सरकार चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में विकासखंड दुर्गूकोंदल अंतर्गत ग्राम पंचायत सिहारी मे जनपद अध्यक्ष गोपी बढ़ाई के द्वारा परिवार का सर्वे आवास में सर्वे एप में छूटेगा परिवार का सर्वे कार्य का शुभारंभ किया गया। ग्राम पंचायत में जितने भी छुटे हुए परिवार जिपकस आवास योजना में नाम नहीं है उनका सर्वे करने कहा गया। उल्लेखनीय है कि 15 से 30 अप्रैल तक आवास प्लस अंतर्गत सर्वे का काम जारी है, इसमें छूटे हुए पात्र परिवारों के नाम नए प्रावधानों के अनुरुप दर्ज किश्स जा रहा है। शुभारंभ अवसर पर अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी आरडी ठाकुर, ग्राम पंचायत सिहारी के सरपंच राम गावड़े, प्रमोद बघेल घनश्याम ठाकुर व रूपेश जैन उपस्थित रहें।

**निधन**

### चमारिन बाई निषाद

**धमतरी।** ग्राम जवरगांव निवासी श्रीमती चमारिन बाई निषाद का



निधन 17 अप्रैल को हो गया। वह मैकूराम निषाद जिला संगठन प्रभारी एवं अंकालु राम निषाद की मां थी। उनकी अंत्येष्टि में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित हुए।

गुप्त रोगी स्वयं मिलें
स्त्री पुरूष गुप्त रोग नपुंसकता, उत्तेजना कम होना, हस्तमैथुन द्वारा नसों में कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, गुप्त अंग का छोटापन, शुक्राणु की कमी, पेशाब में धातु जाना, पेशाब में जलन होना, शुगर से आई हुई सेक्स में कमी व पुराने से पुराने गुप्त रोगी संपर्क करें
संजीवनी
आयुर्वेदिक दवाखाना
बस्तर रोड, अंबेडकर चौक, मानस डेली नीड्स के सामने, अंगारमोती मेडिकल स्टोर्स के ऊपर, धमतरी मो. 9174466336

प्राथमिक शाला अछोटी में मनाई गई स्वर्ण जयंती, पूर्व छात्रों का हुआ सम्मान

# शिक्षा शेरनी का वह दूध है जो पियेगा वह दहाड़ेगा : अजय





हरिभूमि न्यूज ⏭सिर्री

शासकीय प्राथमिक शाला अछोटी में शाला प्रबंधन समिति, शाला परिवार एवं ग्रामवासियों के सहयोग से स्कूल के 73 वर्ष की सुखद यात्रा को स्वर्ण जयंती के रूप में 18 अप्रैल को मनाया गया। 1953 से स्थापित प्राथमिक शाला से वर्तमान तक जीवन में सफलता प्राप्त किए पूर्व छात्रों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम सुबह 10 से शाम 4 बजे तक आयोजित था। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों ने नृत्य प्रस्तुति भी दी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अजय चंद्राकर विधायक कुरूद थे। अध्यक्षता अछोटी सरपंच पूरन लाल घृतलहरे ने की।

मुख्य अतिथि श्री चंद्राकर ने अपने उद्बोधन में डा. भीमराव अंबेडकर का उदाहरण देते हुए कहा कि शिक्षा शेरनी का वह दूध है जो जितना पियेगा उतना दहाड़ेगा। आगे उन्होंने कहा कि व्यक्ति को जीवनपर्यंत सीखते रहना चाहिए। सीखने की कोई उम्र नहीं होती है। व्यक्ति शिक्षा और उसके हुनर के बल पर ही प्रत्येक क्षेत्र में अपना लक्ष्य हासिल कर सकता है। उसके लिए धैर्य के साथ कड़ी मेहनत पर बल देना आवश्यक है। जीवन में लक्ष्य प्राप्ति हेतु शिक्षा की मजबूत नींव रखना अति आवश्यक है।

अध्यक्षता करते हुए गौकरण साहू उपाध्यक्ष जिला पंचायत ने कहा कि शिक्षा नैतिक मूल्यों को जन्म देती है। नैतिक मूल्य वह सिद्धांत और आदर्श है जो हमें सही और गलत के बीच अंतर करने में मदद करते हैं और हमें एक अच्छा इंसान बनने की प्रेरणा देते हैं। ये मूल्य हमारे व्यवहार, आचरण और समाज में हमारी भूमिका को भी निर्धारित करते हैं। साथ ही हमारे जीवन में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं क्योंकि वे हमें सही और गलत के बारे में सोचने और निर्णय लेने में मदद करते हैं।

अति विशिष्ट अतिथि उर्वशी जितेंद्र बांधेकर जनपद सदस्य, आनंद साहू उपसरपंच, सीके साहू विकासखंड शिक्षा अधिकारी कुरूद, लोकेश साहू अध्यक्ष भाजपा सिर्री मंडल, थानेश्वर तारक पूर्व सरपंच गोजी थे। सम्मान समारोह में प्रथम बैच के छात्र पुराणिक साहू, केआर चंद्राकर, तुलसी राम, भूखन साहू के साथ ब्रांच मैनेजर, शिक्षक, प्रोफेसर, रेलवे अधिकारी कर्मचारी, पुलिस, आयकर अधिकारी के रूप में कार्यरत पूर्व छात्रों सहित पत्रकार पामेश देवांगन का भी प्रतीक चिन्ह के साथ शॉल, श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में पूरन लाल घृतलहरे सरपंच, आनंद साहू उपसरपंच, हिंछाराम विश्वकर्मा, अजय साहू, महेश साहू, मुकेश साहू, अरुण साहू, जोहतू राम, रामेश्वर पटेल, कृपाराम पटेल, खुलेश्वर, थानेंद्र, डिकेश्वरी बंजारे प्रधानपाठक, खेमा निर्मलकर, खियाराम, गौकरण निर्मलकर, प्रकाश साहू समेत ग्रामीणजनों का विशेष सहयोग रहा।

# डीएफओ सहित 15 अधिकारी व कर्मचारियों को नोटिस जारी होगा

- उच्च न्यायालय ने उदंती सीतानदी के सहायक संचालक की याचिका पर दिया आदेश
- मामला उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व आफिस का रात्रि में ताला तोड़कर फाइल ले जाने का

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व आफिस नगरी का रात्रि में ताला तोड़कर फाइल ले जाने के मामले में डीएफओ वरुण जैन सहित 15 अधिकारी-कर्मचारियों को उच्च न्यायालय ने नोटिस के लिए आदेश जारी किया है।

ज्ञात हो कि इस मामले में उदंती सीतानदी के सहायक संचालक एमआर साहू की याचिका पर दिनांक 17 अप्रैल 2025 को न्यायाधीश रविन्द्र कुमार अग्रवाल की बेंच ने सुनवाई करते वरुण जैन भा.व.से. उदंती सीतानदी टाइगर रिज़र्व सहित अन्य 15 कर्मचारी-अधिकारी को नोटिस हेतु आदेश जारी किया है। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता मनोज परांजपे ने पैरवी की। ज्ञात हो कि मार्च 2024 में एमआर साहू एवं वरुण जैन के बीच तीखी बहस हुई थी। वरुण जैन अपने फॉरेस्ट अमला सहित श्री साहू के कार्यालय का रात्रि में ताला तोड़कर दस्तावेज ले गए थे। संभवत एक ही विभाग के अधिकारियों के बीच पूरे छत्तीसगढ़ में यह प्रथम घटना है। एमआर साहू ने उच्च न्यायालय में याचिका लगाई थी जिसमें सीतानदी टाइगर रिजर्व के अधिकारी कर्मचारी जगदीश प्रसाद दर्रो, देवदत्त तारम वन क्षेत्रपाल, नरेशचंद्र देवनाग वन क्षेत्रपाल, डिग्लेश्वर सिंह ठाकुर, संजय सिन्हा, प्रकाश कुमार साहू, अरुणदास मानिकपुरी, लालबहादुर भिलेपारिया, जितेंद्र निषाद, आशीष राजपूत, लोकेश्वर चक्रधारी, गजेंद्र यादव, राकेश मार्कण्डेय, फलेश्वर दीवान, टकेश्वर देवांगन को नोटिस जारी करने आदेश दिया गया है। इनके विरुद्ध एमआर साहू द्वारा आईपीसी की धारा 294, 506B, 457, 380, 467, 468, 120B/34 अंतर्गत याचिका लगाई गई थी।

## कुम्हारी में बाबा साहेब की जयंती मनाई गई

हरिभूमि न्यूज ⏭अंवरी

ग्राम पंचायत कुम्हारी में बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की 134 वीं जयंती मनाई गई। सरपंच मंजुलता साहू ने डॉ भीमराव अंबेडकर की जीवनी पर प्रकाश डाला।

मौके पर उपसरपंच बालाराम टंडन, पंचगण अहिलमति बघेल, परमा बाई ध्रुव, महेश्वरी बघेल, पूरन सोनवानी, बुधराबाई सोनवानी, गोपेंद्र कुमार मेहता, गणेश्वरी बाई, उल्फी मेहता, कविता मारकंडे, दुलरवा मेहता,



ईश्वर प्रसाद ध्रुव शिक्षक, विजय साहू, रोजगार सहायक जितेंद्र कुमार कंवर, कंप्यूटर ऑपरेटर पुरुषोत्तम लाल बघेल, विनय बघेल समेत गांव के नागरिक नागरिक उपस्थित थे।

## समरसता संगोष्ठी के साथ होगा संगठन पखवाड़ा का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

भाजपा द्वारा 25 अप्रैल तक संगठन पखवाड़ा मनाया जायेगा। जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस ने बताया कि पखवाड़े भर पार्टी के सांसद, मंत्री, विधायक से लेकर जनप्रतिनिधि एवं पदाधिकारी गांव चलो बस्ती चलो अभियान अंतर्गत दिन भर का प्रवास बस्तियों और गांवों में किया।

श्री बैस ने बताया कि इस संगठन पखवाड़ा का समापन समरसता संगोष्ठी के साथ होगा जिसमें प्रदेश तथा राष्ट्रीय स्तर के वक्ता जिले भर से आए सामाजिक बंधुओं को संबोधित करेंगे। संगठन पखवाड़ा के जिला संयोजक कविंद्र जैन ने बताया कि सभी की सहभागिता से पार्टी द्वारा निर्देशित समस्त कार्यक्रम





सफलतापूर्वक संपन्न हुए।

14 से 25 अप्रैल तक पार्टी के नेता अनुसूचित जाति के प्रभावशाली परिवारों, खिलाड़ियों, कलाकारों, पूर्व अधिकारी, पूर्व सैनिक सहित प्रमुख परिवारों से संपर्क कर बाबा साहेब के विचारों को जनमानस तक ले जाने में उनकी सहभागिता सुनिश्चित करेंगे। समरसता अभियान के लिए जिले के संयोजक विजय साहू एवं उमेश साहू मंडल की टीम के साथ मिलकर अभियान को गति दे रहे हैं।

## नत्थूजी जगताप स्कूल में परीक्षा परिणाम घोषित

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

नत्थूजी जगताप स्कूल में कक्षा नवमी एवं 11वीं का परीक्षा परिणाम 17 अप्रैल को घोषित किया गया। डीईओ टीआर जगदल्ले, शाला विकास समिति अध्यक्ष मुकेश शर्मा, प्राचार्य अन्नपूर्णा सिन्हा की उपस्थिति में परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। कक्षा नवमी का परीक्षा परिणाम 70.78 प्रतिशत एवं कक्षा 11वीं का परीक्षा परिणाम 86.31 प्रतिशत रहा। इस अवसर पर डीईओ टीआर जगदल्ले ने प्राचार्य एवं स्टाफ, विद्यार्थियों की प्रशंसा की। अधिक अंक प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया।





कार्यक्रम में व्याख्यातागण डीपी सिन्हा, भारती जगताप, टीएल ध्रुव, ए. बेदी, हरीश सिन्हा, अशोक सिन्हा, चंद्रशेखर साहू, ई. कुरैशी विकास तिवारी, राहुल चौरे, गिरीश गजपाल व्यायाम शिक्षक, घनश्याम पैंकरा, प्रवीण साहू, हीरालाल चुरेंद्र, देवेंद्र सिन्हा, यशवंत साहू, देवकुमार सिन्हा, नरेंद्र शर्मा, संतोषी अग्रवाल, बबीता साहू, रीना साहू, रीना, धालेंद्र, दिव्या नाहटा, सौरभ सेन, निधि साहू, रागिनी चौहान उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन संतोषी अग्रवाल एवं आभार प्रदर्शन ए. बेदी ने किया।

## फ्रेंडली क्रिकेट मैच में दिखा आईपीएल का रोमांच



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

नगर के एकलव्य खेल मैदान पर चल रहे क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल से पहले एक फ्रेंडली मैच का आयोजन किया गया। यह मैच सिर्फ 5 ओवर का था लेकिन इसका रोमांच किसी आईपीएल के मैच से कम नहीं था। 5 ओवर के मैच में रोहित चैंप्स और जैन इलेवन आमने सामने थे। रोहित चैंप्स टीम के कप्तान रोहित शर्मा रहे। पहले बल्लेबाजी जैन इलेवन ने की। बल्लेबाज भंसाली ने शानदार 24 रन बनाए। पूरे 5 ओवर में 59 रन बने। रोहित चैंप्स को जीत के लिए 60 रनों का लक्ष्य दिया।

दूसरी इनिंग में रोहित चैंप्स की तरफ से रोहित शर्मा और रोहन शर्मा पिच पर उतरे। दोनों भाइयों की जोड़ी ने धुआंधार बल्लेबाजी की। इसके बाद भी मैच टाई हो गया। इसके बाद क्रिकेट के अंतरराष्ट्रीय नियमों के आधार पर ज्यादा बाउंड्री मारने वाली रोहित चैंप्स को विजेता घोषित किया गया। इस रोमांचक मैच को देख दर्शकों की अच्छी भीड़ रही।

# बनिया तालाब से उठी सफाई की लहर

- स्वच्छता दीदियों ने मकेश्वर और जालमपुर वार्ड में लोगों को स्वच्छता के प्रति किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जालमपुर के मणिकंचन केंद्र की स्वच्छता दीदियों ने शहरवासियों को स्वच्छता का वास्तविक महत्व समझाने की ठानी है। इसी क्रम में उन्होंने मकेश्वर वार्ड और जालमपुर वार्ड में घर-घर जाकर नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। दीदियों ने नालियों में कचरा न फेंकने, निर्धारित गाड़ी में ही कचरा देने, और गीले-सूखे कचरे को अलग-अलग रखने जैसे



महत्वपूर्ण संदेश लोगों तक पहुंचाए।

स्वच्छता दीदियों की मेहनत रंग भी ला रही है। स्थानीय निवासियों ने उनके प्रयास की सराहना करते हुए संकल्प लिया कि वे अपने मोहल्ले को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने में पूरा सहयोग करेंगे। इसी अभियान के तहत बनियातालाब परिसर में भी विशेष सफाई अभियान चलाया गया। आसपास के कचरे को हटाने तक दीदियों और नगर निगम की टीम ने मिलकर अनुकरणीय कार्य किया। महापौर की सक्रियता और समर्थन ने इस अभियान को और अधिक प्रभावी बनाया है। स्वास्थ्य विभाग सभापति नीलेश लूनिया ने भी मौके पर पहुंचकर न सिर्फ कार्य की सराहना की, बल्कि नगरवासियों से अपील की कि वे स्वयं आगे आकर इस मुहिम का हिस्सा बनें। उन्होंने कहा कि स्वच्छता सिर्फ नगर निगम की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हम सबकी नैतिक जिम्मेदारी है। आयुक्त ने भी स्पष्ट शब्दों में कहा कि जो लोग सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी फैलाते पाए जाएंगे, उन पर सख्त चालानी कार्रवाई की जाएगी।

### आंगनबाड़ी केंद्र 10 में पोषण पखवाड़ा मनाया

**नगरी।** आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक 10 में पोषण पखवाड़ा मनाया गया। केन्द्र में पोषण के पांच सूत्र सुनहरे 1000 दिवस, पौष्टिक आहार, एनीमिया प्रबंधन एवं स्वच्छता पर चर्चा हुई । आंगनबाड़ी में गर्भवती माताओं की गोदभराई एवं 6 माह पूर्ण बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार कराया गया। मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, वार्ड पार्षद अश्वनी निषाद, अंबिका मरकाम, मितानिन द्रौपती निषाद, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सीता साहू, यामिनी नाग, ललिता गौर, सहायिका शशिप्रभा ठाकुर, समूह की महिलाएं कुन्ती, सुमन लता, मधु सहित बड़ी संख्या में गर्भवती एवं शिशुवती माताएं व बच्चे उपस्थित थे।

## मौरीकला में पूर्व सरपंच ने कराया न्योता भोज



हरिभूमि न्यूज ⏭सिर्री

ग्राम पंचायत मौरीकला के पूर्व सरपंच खुशबू चेमन यादव ने प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला मौरीकला में अपने बेटे द्रोण यादव के जन्मदिन पर न्योता भोज कराया। न्योता भोज पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। इस अवसर पर प्राथमिक एवं माध्यमिक स्कूल के प्रधानपाठक एमके, एलके, गुलाची साहू समेत स्कूल स्टाफ उपस्थित थे।

विधायक ने छिपली में आदिवासी हल्बा समाज के सामुदायिक भवन का किया लोकार्पण

# सामुदायिक भवन समाज के आत्मसम्मान का प्रतीक

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

ग्राम छिपली में आदिवासी हल्बा समाज के नवनिर्मित सामुदायिक भवन का लोकार्पण हुआ। इस भवन का निर्माण छत्तीसगढ़ शासन की उस जनकल्याणकारी सोच का परिणाम है, जिसकी परिकल्पना पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने की थी।

इसी कड़ी में ग्राम पंचायत छिपली में आदिवासी हल्बा समाज उपगढ़ नगरी के लिए 25 लाख की लागत से इस सामुदायिक भवन का निर्माण किया गया। मुख्य अतिथि विधायक अंबिका मरकाम ने इस भवन का लोकार्पण किया। अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि यह भवन समाज की एकजुटता, स्वाभिमान और परंपराओं का प्रतीक है। उन्होंने पूर्ववर्ती सरकार की समाज-केन्द्रित सोच का स्मरण करते हुए कहा कि यह भवन



उसी विचारधारा का मूर्त रूप है, जिससे समाज को सशक्त, संगठित और शिक्षित बनाने की दिशा में सार्थक पहल होगी।

कार्यक्रम की अध्यक्षता हृदय नाग अध्यक्ष हल्बा समाज उपगढ़ नगरी ने की। विशिष्ट अतिथि लक्ष्मी ध्रुव पूर्व विधायक, एलएल ध्रुव पूर्व सदस्य कांग्रेस, भानेद्र ठाकुर अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी, भूषण साहू अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस नगरी, सचिन भंसाली विधायक प्रतिनिधि, हृदयलाल साहू उपाध्यक्ष,जनपद पंचायत नगरी, लिकेश्वरी पोटाई सरपंच छिपली, संतराम नेताम पूर्व सरपंच, अर्जुन नेताम अध्यक्ष हल्बा समाज नगरी, उमेश देव सर्व आदिवासी समाज तहसील नगरी, रैनालाल देव अध्यक्ष, हल्बा समाज गढ़ सिहावा नगरी, केआर बोराघरिया पूर्व अध्यक्ष, हल्बा समाज गढ़ सिहावा नगरी, देवेश सूर्यवंशी अध्यक्ष, कर्म प्रकोष्ठ 18 गढ़, प्रयागचन्द बिसेन अध्यक्ष, हल्बा समाज उपगढ़ सिहावा नगरी, ध्रुवकुमार कश्यप अध्यक्ष, हल्बा समाज उपगढ़ सिहावा नगरी, नेमीचंद देव अध्यक्ष हल्बा समाज कर्म प्रकोष्ठ 18 गढ़ नगरी, दुलेश्वर गौर केन्द्रीय सदस्य, सिहावा नगरी थे। वक्ताओं ने इस सामुदायिक भवन को समाज के आत्मसम्मान, संगठन और सांस्कृतिक उन्नयन का प्रतीक बताते हुए इसके प्रभावी उपयोग पर बल दिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

## जोरातराई (अ) में नालियों की सफाई नहीं



हरिभूमि न्यूज ⏭अंवरी

ग्राम जोरातराई (अ) के वार्ड क्रमांक 6-7 नाली की सफाई नहीं हुई है। नाली की सफाई नहीं होने के कारण शुक्रवार शाम को हुई बारिश का पानी जाम हो गया है। नाली की गंदगी रोड में आ गई है जिससे आने-जाने वालों को परेशानी हो रही है। नाली से बदबू भी आ रही है जिससे बीमारियों का खतरा बना हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि अगर पंचायत द्वारा समय पर नालियों की सफाई कराई जाती तो पानी की निकासी सही तरीके से हो पाती।

खबर संक्षेप



## जेसीबी की टक्कर से पिता-पुत्र घायल, चालक पर मामला दर्ज

**कांकेर।** चारामा थानांतर्गत ग्राम खरथा के टॉवर पर जेसीबी वाहन के चालक ने वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए मोटर सायकल में सवार पिता-पुत्र को जोरदार टक्कर मार दिया। टक्कर से दोनो मोटर सायकल समेत जमीन में गिर घायल हो गए। थाना में शिकायत करने पहुंचे सराधुनवागांव निवासी 35 वर्षीय देवेन्द्र कुमार नागवंशी पिता पून्नू लाल नागवंशी ने पुलिस को बताया कि 7 अप्रैल को स्वयं के मोटर सायकल क्रमांक सीजी 19 बीयू 3135 में सवार होकर निजी काम से अपने 11 वर्षीय बेटे सालिक राम के साथ ग्राम खरथा गए थे। काम खत्म कर शाम लगभग साढ़े 6 बजे वापस घर सराधुनवागांव जा रहे थे। ग्राम खरथा के टॉवर के पास पहुंचे थे कि सामने से आ रही आरोपी जेसीबी चालक रतेसरा निवासी जयंत सिंहा द्वारा जेसीबी वाहन को तेज गति से लहराते हुए लापरवाही पूर्वक चला रहा था और मेरे मोटर सायकल को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे मैं और मेरा बेटा सालिक मोटर सायकल समेत जमीन पर गिर गए। जमीन में गिरने से मेरे दाहिना हाथ, पैर व सिर में चोट लगा तथा मेरे बेटे सालिक राम को दाहिना पैर व हाथ में चोट लगा, जिसका उपचार चारामा अस्पताल में कराने के बाद चिकित्सक की सलाह से उचित उपचार के लिए हायर सेंटर रिफर करने का सलाह दिया गया। चिकित्सकीय सलाह पर धमतरी के अस्पताल में भर्ती होकर उपचार करवाया हूं। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी जेसीबी चालक जयंत सिंहा के खिलाफ धारा 125 (ए), 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

## लौह अयस्क परियोजना का लोगों को मिल रहा है लाभ

**अंतागढ़।** भिलाई स्टील प्लांट कि रावघाट लौह अयस्क परियोजना प्रारंभ होने से क्षेत्र को जो लाभ मिलना था, वह नहीं मिल पा रहा है। रावघाट लौह अयस्क परियोजना के लिए क्षेत्र ने जो पर्यावरण, अपने पुरखों के पहाड़, नदियों का बलिदान दिया है, पर उसे उस हिसाब से क्षेत्र को जो लाभ मिलना चाहिए था, वह नहीं मिल पा रहा है। क्षेत्र के लोगों को लगा था कि क्षेत्र में रावघाट लौह अयस्क परियोजना प्रारंभ होने से क्षेत्र के लोगों को उचित संख्या में रोजगार मिलेगा, अच्छी शिक्षा की व्यवस्था होगी, अच्छे स्कूल खुलेंगे, स्वास्थ्य सुविधा के लिए अच्छे अस्पताल खुलेंगे, पर्यावरण संरक्षण के लिए विशेष प्रयास होगा। किंतु ऐसा कुछ भी नहीं हुआ और क्षेत्र की जनता अपने आप को ठगा हुआ महसूस कर रही है।

## सेन महराज जयंती 25 को कोकपुर में मनाएंगे

**कांकेर।** जिला श्रीवास सेन समाज के तत्वावधान में शंत शिरोमणि सेन जी महाराज की 725 वी जंयती 25 अप्रैल को कांकेर ब्लाक के ग्राम कोकपुर में रखा गया है। समाज के मिडिया प्रभारी लोकेश्वर सेन ने बताया कि इस आयोजन को लेकर समाजीक भाईयों में उत्साह का माहौल है व बढ़ चढ़कर सहयोग कर रहें है। कार्यक्रम की तैयारी चल रही है। कार्यक्रम का शुरुआत 11 बजे नंदा जी सेन महराज की पूजा अर्चना कर किया जाएगा। उसके बाद दोपहर 12 बजे ग्राम में कलश यात्रा निकाली जाएगी जो पूरे ग्राम का भ्रमण करेगी। भोजन उपरांत 2 बजे से समाजिक पदाधिकारीयों का स्वागत सम्मान होगा।

### अंचल के सैकड़ों बोरवेल फेल, नलकूपों के हलक सूखे, ग्रामीण निजी बोरवेल से ले रहे मदद

# महानदी की बेधड़क खुदाई से तटवर्ती गांवों का वाटर लेवल 400 फीट तक नीचे गिरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

छत्तीसगढ़ की जीवदायिनी महानदी धमतरी शहर की जीवनरेखा है। महानदी के कारण ही धमतरी अंचल का भूमिगत जलस्त्रोत 20 से 40 फीट तक था। पर यह बीते जमाने की बात हो गई। 1980 से महानदी की बेधड़क खुदाई हो रही है। इन 45 साल में हजारों ट्रेक्टर, हाईवा, ट्रकों के माध्यम से करोड़ों घनमीटर रेत की खुदाई हो चुकी है।

अंचल के ग्राम तेंदूकोना, अछोटा, अमेठी, कलारतराई के ग्रामीण दयालु सिन्हा, नरोत्तम साहू, फागू सोनकर की माने तो पहले महानदी में रेत का 20-20 फीट टीला दिखाई देता था। पहाड़ जैसी शक्ल में बच्चे खेलने जाते थे। आसपास के सैकड़ों गांवों के लोग सब्जी, फल की खेती करते थे जिसकी मांग मप्र, उड़ीसा, महाराष्ट्र जैसे राज्यों में थी। वहां के व्यापारी



यहां के फल तरबूज, खरबूज, ककड़ी, खीरा तथा सब्जी करेला, टमाटर, बैंगन, कोचई, बरबट्टी को थोक में खरीदकर ले जाते थे। सब्जी और फल प्राकृतिक रूप से होने के कारण काफी स्वादिष्ट हुआ करता था। लाखों को रोजगार मिलता था। महानदी की धारा में पूरे गांवों की निस्तारी होती थी। सब्जी व फल की खेती 6 माह तक होती थी। सितंबर से मार्च, अप्रैल के बाद कृषक धान की खेती में लग जाते थे। बारिश में महानदी में बाढ़ आने से खेती नहीं होती थी।

कलारतराई के ग्रामीण आनंद साहू, डम्मन साहू, श्याम साहू ने बताया कि पहले महानदी में रेत की निकासी बैलगाड़ी और एक दो ट्रेक्टर के माध्यम से सीमित मात्रा में होती थी, लेकिन पड़ोसी राज्यों की नजर लगने के बाद अब हजारों वाहनों से लाखों घनमीटर रेत की निकासी पिछले 20-30 साल से हो रही है। नतीजन महानदी बंजर हो गई। तटीय गांवों का भूमिगत जलस्त्रोत 80 से बढ़कर 200-400 फीट हो गया। पुराने जमाने के सभी बोरवेल फेल हो गए। नलकूपों के हलक सूख गए। जनवरी माह लगते ही शो पीस बन जाता है। कृषकों को गर्मी के सीजन में नया बोर कराना पड़ रहा है। बोरवेल मशीन की सहायता से 200-400 फीट गहरी खुदाई के बाद जरा सा पानी निकल रहा है। रबी सीजन में धान की खेती का रकबा पानी की वजह से घटा। अब लोगों को पीने के पानी के लिए निजी बोरवेल से मदद मांगनी पड़ रही है। यही हाल रहा तो आने वाले 10-20 साल बाद क्षेत्र के तटीय गांवों में लोगों को पानी के लिए तरसना पड़ेगा। धीरे-धीरे जलस्त्रोत नीचे जा रहा है। महानदी में दूर-दूर तक रेत नहीं दिखाई देती। सब्जी व फूल की खेती पूरी तरह बंद हो गई। लोगों को अब दूसरा रोजगार अपनाना पड़ रहा है।

### कलेक्टर ने जिले को जल अभावग्रस्त क्षेत्र घोषित किया

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने अल्पवृष्टि, खण्डवृष्टि, भूमिगत जलस्त्रोतों के लगातार गिरने से जिले को जल अभाव ग्रस्त क्षेत्र घोषित किया है। कलेक्टर की बिना अनुमति के नलकूप, बोरवेल आदि का खनन नहीं किया जा सकता। 30 जून तक की अवधि में खनन योग्य नलकूप बोरवेल की जानकारी भेजनी होगी। बोरवेल नलकूप खनन के लिए संबंधित अधिकारी से परमिशन आवश्यक है। आदेश का उल्लंघन करने पर उनके विरूद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## घुरावड़ में पोषण पखवाड़ा का हुआ आयोजन

**नगरी।** आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 2 घुरावड़ में पोषण पखवाड़ा का आयोजन किया गया जिसमें गर्भवती महिलाओं व माताओं को पोषण संबंधी व एनीमिया की जानकारी दी गई। साथ ही साथ 3 वर्ष पूर्ण कर चुके बच्चों को आंगनबाड़ी में प्रवेश दिलाया गया।

## विकास के लिए भाजपा सरकार संकल्पित



- गांव चलो, बस्ती चलो अभियान के तहत देवपुर पहुंचे चेतन

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

भारतरत्न डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर की जन्म जयंती पखवाड़ा के अवसर पर भाजपा भोथली मंडल द्वारा गांव चलो बस्ती चलो अभियान के तहत ग्राम डोंगेश्वर धाम देवपुर में कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य वक्ता चेतन हिंदूजा जिला कोषाध्यक्ष भाजपा एवं ऋषभ देवांगन जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि थे। दोनों अतिथियों ने अंबेडकर जी के राष्ट्रहित में दिए गए उनके योगदान को याद किया। मोदी सरकार की योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों से भी मुलाकात की। चौपाल लगाकर गांव की प्रमुख समस्याएं सुनी साथ ही केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं को लेकर चर्चा की गई। चेतन हिंदूजा ने कहा कि गांव के अंतिम व्यक्ति के विकास के लिए केंद्र व राज्य सरकार संकल्पित हैं। शासन की योजनाएं इसी आधार पर बनी है कि उसका लाभ सभी को मिले। ऋषभ देवांगन ने कहा कि मोदी और शाह ने राजनीति का तरीका बदल दिया है। कांग्रेस के समय में लोगों को नेताओं का चक्कर काटना पड़ता था, अब भाजपा के जनप्रतिनिधि, संगठन के पदाधिकारी से लेकर कार्यकर्ता आम लोगों के बीच पहुंच रहे हैं। भाजपा की राजनीति विकास पर केंद्रित है। मौके पर मोतीराम साहू बूथ अध्यक्ष, चेतन यदु पूर्व सरपंच, जय प्रकाश साहू, प्यारेलाल यदु, रोशन साहू , नेमचंद साहू, गजानंद साहू, रवि पटेल, त्रिलोकी देवांगन, खेमन पटेल, रामकुमार पटेल, अनूप देवांगन, बीरबल साहू, रविशंकर पटेल, उदयराम साहू, आशाराम देवांगन, कुंजलाल साहू, डालूराम साहू, घनानंद साहू, अवधेश साहू, शेषणारायण देवांगन समेत बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## भाजपाइयों ने अधारी नवागांव में अजा परिवार से सरकार के कामकाज पर की चर्चा

- सामाजिक समरसता के प्रतीक हैं बाबा साहेब : कविंद्र
- समरसता संगोष्ठी में शामिल होंगे सामाजिक बंधु : विजय
- शिक्षा के क्षेत्र में अजा वर्ग तेजी से प्रगति कर रहा : तल्लीनपुरी



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

सामाजिक समरसता कार्यक्रम अंतर्गत भाजपा के सभी प्रमुख नेता अलग-अलग गांवों तथा बस्तियों में जाकर अनुसूचित जाति वर्ग के प्रभावशाली परिवारों से संपर्क कर उन्हें पार्टी की नीतियों, सरकार के कार्यक्रमों से अवगत करा रही है। इसी कार्यक्रम के तहत संगठन पखवाड़ा के जिला संयोजक कविंद्र जैन ने अधारी नवागांव वार्ड के अजा परिवार के सदस्यों से मुलाकात की। उन परिवारों को बताया कि कांग्रेस ने अंबेडकर, गांधी सहित देश के महापुरुषों के नाम का दुरुपयोग सत्ता में बने रहने के लिए किया। जबकि अंबेडकर को भारत रत्न भाजपा की अटलजी की सरकार में मिला। अनुसूचित जाति वर्ग के युवाओं के शैक्षणिक विकास के लिए 25000 करोड़ रुपए के फंड मोदी सरकार ने दिया। अंबेडकर जी की विचारधारा का अनुसरण वास्तव में भाजपा ने ही किया। भाजपा यह मानती है कि बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर सामाजिक समरसता के प्रतीक थे।

समरसता कार्यक्रम के जिला संयोजक विजय साहू ने बताया कि अंबेडकर जयंती के अवसर पर 22 अप्रैल को आयोजित समरसता संगोष्ठी में जिलेभर से विभिन्न समाज के प्रतिनिधि शामिल होंगे। पार्षद तल्लीनपुरी गोस्वामी ने कहा कि अनुसूचित जाति वर्ग शिक्षा के क्षेत्र में तेजी से प्रगति कर रहा है। प्रशासनिक क्षेत्र में उच्च पदों पर अजा वर्ग के लोग अब आने लगे हैं । ये बाबा साहेब की दूरगामी सोच का ही परिणाम है। इस दौरान सेवानिवृत शासकीय कर्मचारी आरपी संभाकर, समाजसेवी कोमल संभाकर, कृषि विभाग में कार्यरत श्रीमती शांति संभाकर के निवास पर जाकर उनसे भाजपा की नीति तथा सरकार के कामकाज और जनहित की विभिन्न योजनाओं की चर्चा की।

# विजय इंश्योरेंस एण्ड सर्विसेस बना विजेता

- फाइनल में सुपर किंग्स को किया पराजित
- एमपीएल सीजन-3 रात्रिकालीन टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

मोर प्रीमियर लीग रात्रिकालीन टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता (एमपीएल सीजन 3) का समापन शुक्रवार की रात फाइनल मैच और पुरस्कार वितरण के साथ हुआ। यह प्रतियोगिता स्व. विष्णु हिरवानी एकलव्य खेल मैदान में 2 अप्रैल से शुरू हुई थी।

समापन 18 अप्रैल को हुआ। ए और बी दो ग्रुप में कुल 16 टीमों ने अपने खेल का प्रदर्शन किया। टूर्नामेंट की विजेता विजय इंश्योरेंस एण्ड सर्विसेस की टीम रही जबकि उपविजेता सुपर किंग्स की टीम बनी। शुक्रवार रात फाइनल मैच खेला गया। यह प्रतियोगिता आईपीएल की तर्ज पर आयोजित थी जिसमें 16 टीमों के बीच मुकाबला हुआ जिसमें टॉप की चार टीम क्वालीफायर, 1 कार्टर फाइनल व सेमीफाइनल और फाइनल मैच खेला गया। 16 टीमों को दो ग्रुव में बांटा गया था जिसमें टॉप की 2 टीम के बीच क्वालीफायर खेला गया। विजय इंश्योरेंस एण्ड सर्विसेस टीम और इंडियन फाइटर के बीच क्वालीफायर का मुकाबला हुआ। फाइनल में विजय इंश्योरेंस की टीम ने प्रवेश किया। उसका मुकाबला सुपर किंग्स से हुआ। विजय इंश्योरेंस एण्ड सर्विसेस की टीम टूर्नामेंट की विजेता रही। पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में मुख्य आयोजक पं. राजेश शर्मा, प्रथम समेत विकास शर्मा, गोल्डी जैन, कोमल सार्वा, राणासिंह राजपूत, हुसैन, पुष्पेंद्र हिरवानी, अमित हरपाल, पियोज कश्यप, संकेत लुणावत, विक्की गुप्ता उपस्थित थे।

पंडित राजेश शर्मा ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से युवाओं में खेल के प्रति रुचि बढ़ती है। शारीरिक और मानसिक विकास के लिए खेल महत्वपूर्ण है। मौके पर आयोजन समिति के अध्यक्ष रघुवीर बघेल, नकुल शर्मा, सुमित बघेल, पुष्पेंद्र हिरवानी, विक्की ध्रुवंशी, वेद प्रकाश देवांगन, रिंकू रजक, आशुतोष खरे, जैस सार्वा, मनोहर बंजारे, बिट्टू सिन्हा, कृष्णा बेहरा, जीतू साहू, मिलन साहू, प्रशांत मेश्राम, संजय, हुसैन, इस्हाक, अजय समेत हजारों खेलप्रेमी उपस्थित थे।

## चेन माउंटेन को महापौर ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



- निगम शहरवासियों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है : रोहरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

शहर की सफाई व्यवस्था को और मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए नगर निगम न अपने वाहन बेड़े में एक नई चेन माउंटेन गाड़ी को शामिल किया। इस अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में महापौर रामू रोहरा और स्वास्थ्य विभाग के अध्यक्ष निलेश लुनिया ने पूजा-अर्चना करने के पश्चात वाहन को हरी झंडी दिखाकर शहर सेवा के लिए रवाना किया। कार्यक्रम के दौरान महापौर रामू रोहरा ने कहा कि निगम शहरवासियों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है और यह नया वाहन इसी प्रतिबद्धता का हिस्सा है। स्वास्थ्य विभाग के अध्यक्ष निलेश लुनिया ने इस बात पर जोर दिया कि वाहन के शामिल होने से विशेष रूप से सफाई और स्वास्थ्य संबंधी कार्यों में तेजी और प्रभावशीलता आएगी।

इस अवसर पर एमआईसी सदस्यों एवं पार्षदों ने इस नई उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त की और उम्मीद जताई कि इससे नगर निगम की कार्यक्षमता में वृद्धि होगी और शहरवासियों को इसका प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। इस दौरान मुख्य रूप से उपायुक्त पीसी सार्वा, एमआईसी सदस्य श्यामलाल नेताम, अखिलेश सोनकर, विभा चंद्राकर, पिंटू यादव, पार्षद हेमंत बंजारे, ईश्वर सोनकर, सतीश पवार, कुलेश सोनी, चंद्रभागा साहू, मेघराज ठाकुर, संजय देवांगन, कुशल जैन, भारती साहू, रामेश्वर वर्मा, गजेंद्र कंवर, विजय ठाकुर, गोपाल साहू, नंदू लोधी, स्वच्छता मैनेजर शशांक मिश्रा उपस्थित थे।

## कोड़ेगांव बी में महिलाओं ने महतारी वंदन की राशि से किया शिव महापुराण का आयोजन





हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

ग्राम कोड़ेगांव बी में ग्रामवासियों और महिला समूह द्वारा शिव महापुराण ज्ञान यज्ञ समारोह का आयोजन किया गया है। बताया जाता है कि महिलाओं ने अपनी महतारी वंदन की राशि से इस आयोजन को साकार रूप प्रदान किया। कथावाचक आचार्य पंडित गोविंद शुक्ला हल्बा थे। कार्यक्रम का समापन 20 अप्रैल को होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष ने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन से हमारे अंदर धार्मिकता बनी रहती है। जब मन के अंदर धार्मिक प्रवृत्ति होती है तो हमारा मन सत्कर्म करने की ओर अग्रसर होता है। उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमारा देश आध्यात्मिक और धार्मिक विकास की ओर अग्रसर है। जनपद पंचायत धमतरी अध्यक्ष अंगिरा ध्रुव ने कहा कि आज महिलाएं सिर्फ घर तक ही नहीं बल्कि धर्म के क्षेत्र में भी बढ़-चढ़कर आगे आ रही हैं। कार्यक्रम को पूर्व सांसद प्रतिनिधि उमेश साहू ने भी संबोधित किया। मंच पर चंद्रहास जैन महामंत्री भाजपा गंगरेल मंडल, अहमद अली भाजपा उपाध्यक्ष गंगरेल मंडल, सरपंच जितेंद्र सिन्हा और जनपद सदस्य उर्वशी भोजराज ध्रुव उपस्थित थे।

## कलेक्टर ने किया शिक्षकों का सम्मान

**धमतरी।** कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने शिक्षा विभाग और ओपन लिंक्स फाउंडेशन द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में जिले के विभिन्न जिला परिषद स्कूलों के कुल 19 शिक्षकों को पोस्ट ऑफ द मंथ रचनात्मक लेखन, बोलेगा बचपन और संकुल स्तरीय सर्वश्रेष्ठ संकुल समन्वयक अन्य पुरस्कारों से सम्मानित किया किया। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्रीमती रोमा श्रीवास्तव, डीएमसी भुवन जैन, एपीसी नंदकिशोर साहू, ओपन लिंक्स फाउंडेशन के प्रोजेक्ट ऑफिसर हितेश निर्मलकर, ब्लॉक के सीएसी और अन्य शिक्षक उपस्थित थे। ओपन लिंक्स फाउंडेशन के आचार्य विनोबा भावे शिक्षक सहायक कार्यक्रम के तहत जिले के नवोन्मेषी शिक्षकों को पोस्ट ऑफ द मंथ, रचनात्मक लेखन, बोलेगा बचपन पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है। एफएलएन, वित्तीय साक्षरता, स्पोकन इंग्लिश और महावचन जैसे विभिन्न कौशल विकास पहलों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को भी नियमित रूप से ऐसे कार्यक्रमों के दौरान सम्मानित किया जाता है। इस मौके पर कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि शिक्षकों द्वारा किया गया ऐसा उत्साही कार्य विद्यार्थियों के समग्र विकास में परिणाम देगा।

## अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे सरकार की योजनाएं : चोपड़ा



- डाही, सेनचुआ, सेमरा में आयोजित गांव चलो अभियान में शामिल हुए पूर्व विधायक

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

भाजपा के गांव चलो अभियान के तहत ग्राम डाही, सेनचुआ, सेमरा (डी) में कार्यकर्ताओं ने घर-घर जाकर सरकार की उपलब्धियों की जानकारी दी। जनकल्याणकारी योजनाओं से जुड़े पत्रक भी बांटे। पूर्व विधायक इंदर चोपड़ा ने इस अभियान का नेतृत्व किया। श्री चोपड़ा ने भारतरत्न बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर भाजपा के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं की पहुंच बढ़ाना है। कार्यकर्ताओं ने घर-घर जाकर लोगों से संपर्क किया। उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। श्री चोपड़ा ने कार्यकर्ताओं से कहा कि वे क्षेत्र के हर व्यक्ति को केंद्र और राज्य सरकार के जनकल्याणकारी से अवगत कराएं। मौके पर जनपद सदस्य फतेश्वरी साहू, दिग्विजय सिंह ध्रुव, भूपेंद्र चंद्राकार, दाऊलाल चंद्राकार, ढालेश देवागन, पुरानिक साहू, खिलेंद्र देवांगन, सतु देवांगन, नारायण देवांगन, डेलू सिन्हा, गेंदलाल सिन्हा, हीरालाल देवांगन ,रामकुमार पटेल, महेंद्र पटेल, सुनीता ध्रुव, चंद्रिका साहू, टोमेश्वरी ध्रुव, माखन साहू, फुलसिंग साहू, मूलचंद साहू, सदाराम साहू, साकेत साहू, सियाराम यादव, देवेन्द्र साहू, यादराम साहू, उमेश साहू, नितेश मंडावी, हेमंत साहू, जितेन्द्र साहू उपस्थित थे।

### बीसीएस महाविद्यालय में रोजगारोन्मुख पर हुई कार्यशाला

## कालेज छात्रों को दिए करियर के टिप्स

**धमतरी।** बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ विनोद कुमार पाठक के मार्गदर्शन, कैरियर गाइडेंस एण्ड प्लेसमेंट सेल के प्रभारी अमित कुमार सहायक प्राध्यापक के निर्देशन एवं फ्लेज इंस्टीट्यूट आफ एविएशन एण्ड हास्पिटलिटी रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता श्रीमती करूणा असिस्टेंट मैनेजर तथा श्रीमती लक्ष्मी काउंसलर रही। अमित कुमार सहायक प्राध्यापक ने बताया कि फ्लेज इंस्टीट्यूट ऑफ एविएशन एंड हॉस्पिटैलिटी एक आईएसओ 9001:2015 गुणवत्ता प्रमाणित प्रशिक्षण संगठन है, जो उद्योग उन्मुख पेशेवर प्रशिक्षण प्रदान करता है। कार्यक्रम की प्रथम वक्ता श्रीमती करुणा ने बताया कि फ्लेज इंस्टीट्यूट 2015 में अपनी स्थापना के बाद से लगातार बढ़ रहा है और आज इसे देश में विश्व के अग्रणी एयर होस्टेस और पायलट प्रशिक्षण संस्थान के रूप में मान्यता प्राप्त है। शैक्षणिक योग्यता के तहत किसी भी विषय से संबंधित 12वीं पास विद्यार्थी इस संस्थान में प्रवेश के लिये अपना आवेदन कर सकते हैं। ट्रेनिंग करने पर आपको किसी भी एयरलाइंस कंपनी में नौकरी के लिये प्राथमिकता प्राप्त हो जाती है। द्वितीय वक्ता श्रीमती लक्ष्मी ने बताया कि एविएशन अंतर्गत कैबिन क्रू, पायलट, कस्टमर सर्विस, टिकट हैंडलिंग तथा हॉस्पिटैलिटी अंतर्गत फ्रंट आफिस असिस्टेंट, फूड, हाऊस किपिंग इत्यादि क्षेत्र में कार्य करने का अवसर प्राप्त होता है। कार्यक्रम का संचालन अमित कुमार सहायक प्राध्यापक एवं आभार प्रदर्शन मेनका साहू सहायक प्राध्यापक ने किया।



## खबर संक्षेप

### पुलिया से बाइक टकराई युवक की हुई मौत



**कांकेर।** पखांजुर थानांतर्गत पीव्ही 60 मेनरोड पुलिया के पास दुर्घटना हुई थी। घायल को प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रिफर किया गया। हायर सेंटर ले जाते समय रास्ते में उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया था। विवेचना में पाया गया कि 15 मार्च को मृतक संतोष कोमरा अपनी मोटर सायकल वाहन क्रमांक सीजी 19 बीआर 4397 से होली खेलने कापसी गया था। होली खेलकर घर वापिस आते समय शाम करीबन पौने 6 बजें पीव्ही 60 आश्रम के पास मेन रोड पुलिया में स्वयं मोटर सायकल तेजी एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टकराने से गिर गया। गिरने से चेहरा व सीना में चोट लगा था। शाम करीबन 6 बजें घर आया। डर के कारण घर में नहीं बताया और अपने घर में सो गया था। उसकी मां सीमका बाई ने देखा कि चेहरे व गाल फूला हुआ था, जिससे तत्काल ईलाज कराने गांव वालों के साथ सिविल अस्पताल पखांजुर ले जाकर भर्ती कराए। उपस्थित चिकित्सकों ने बेहतर ईलाज के लिए हायर सेंटर रिफर किया। रिफर करते समय रास्ते में संतोष कोमरा का मौत हो गया। आरोपी मोटर सायकल क्रमांक सीजी 19 बीआर 4397 के चालक मृतक कोमरापारा बारदा निवासी 22 वर्षीय संतोष कोमरा पिता बैसाखु कोमरा के खिलाफ पुलिस ने धारा 106 (1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया।

### दुर्गूकोंदल के मावा मोदोल लाइब्रेरी पहुंचीं विधायक सावित्री

**दुर्गूकोंदल।** जिला प्रशासन द्वारा विकासखंड मुख्यालय दुर्गूकोंदल में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए सुविधा प्रदान करने के लिए मावा मोदोल लाइब्रेरी प्रारंभ किया गया है। अध्ययन करने वाले युवाओं से मिलने के लिए क्षेत्र की विधायक सावित्री मंडावी मावा मोदोल पहुँची और छात्रों से रूबरू हुई। मावा मोदोल पहुँची विधायक ने अध्ययन करने वाले छात्रों से बात किया और इसे बेहतर कैसे बनाया जाए, इस पर भी चर्चा किया। अध्ययन करने वाले छात्रों ने मावा मोदोल लाइब्रेरी में गर्मी के मौसम के अनुरूप एसी, टीन का शेड, इन्वर्टर तथा सीसीटीवी कैमरा की मांग रखी गईं, जिस पर विधायक ने तत्काल टेलीफोनिक चर्चा कर जिला पंचायत सीईओ को एसी व शेड निर्माण करने का निर्देश दिए। जिला पंचायत सीईओ ने जल्द से जल्द उक्त व्यवस्थाओं को करने का आश्वासन दिया। पेयजल की भी समुचित उपलब्धता का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। प्रतिभागियों के मांग पर विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के पुस्तक व अंग्रेजी माध्यम की पुस्तकें भी विधायक द्वारा प्रदान करने का आश्वासन दिया गया। विधायक ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा अंदरूनी ईलाके में जो पहल किया है, यह काबिले तारीफ है। छात्रों को जो कमियाँ महसूस हो रही है, उनको अब पूरा करने की जरूरत है।

### गाय, कुत्ता, बाइक और सायकिल के प्रवेश से मरीन ड्राइव हो रहा है कंडम

**कांकेर।** मरीन ड्राईव के बड़े गेट के अलावा छोटे गेट के खुले होने से गाय, कुत्ता, बाईक व सायकल घुस रही है, जिसके चलते विगत एक साल से इसकी हालत बद से बदतर होते जा रही है। नगरीय निकाय के जिम्मेदार अधिकारी इस बदतर हालत को न तो देखने आते है और न ही सुधार करने के लिए आगे आ रहे है। सरकार बदल गई और नई टीम से कांकेरवासियों को आपेक्षा है कि इसका जीणोद्वार फिर से विधिवत ढंग से किया जाएं। शहर के मध्य ऐसी लापरवाही बरती जाने के कारण लोगों में आक्रोश भी देखने को मिल रहा है।
शहरवासियो के लिए सुकून के पल निकालने व सुबह-शाम वॉकिंग तथा व्यायाम आदि के लिए प्रशासन द्वारा शहर में कई स्थानों पर पार्क बनवाएं गए है, लेकिन समय के साथ उनकी देखरेख व रखरखाव के अभाव में उन पार्को की आज दुर्दशा हो गई है।

## सवारी बिठाने के नाम पर आए दिन हो रहा विवाद

# ई-रिक्शा और ऑटो चालकों में फिर ठनी





हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

शहर में लगभग 2000 ई-रिक्शा और आटो का संचालन हो रहा है। दोनों का संघ अलग अलग है। सवारी बिठाने के नाम पर दोनों के बीच आए दिन विवाद होता रहता है। शनिवार को दोनों के बीच विवाद और गहरा गया। बस स्टैंड में ई-रिक्शा चालकों को जगह नहीं मिलने के कारण आक्रोशित ई-रिक्शा चालक हड़ताल पर चले गए। अपने वाहनों को पुरानी मंडी में खड़ा कर विरोध जताया। तहसीलदार की समझाइश के बाद मामले का हल निकला। ई-रिक्शा के लिए बस स्टैंड में जगह निर्धारित की गई।

ई-रिक्शा यूनियन के सलीम खान ने बताया कि बस स्टैंड में आटो चालक ई-रिक्शा को घुसने नहीं देते। सवारी बिठाने के नाम पर विवाद करता है। गाली-गलौज कर मारपीट करने पर उतारू हो जाते हैं। हम भी चाहते हैं कि हमें बसस्टैंड में जगह मिले। रोजी रोटी के लिए लोग ई-रिक्शा खरीदे है। बैंकों की किस्त पटानी है, परिवार का पेट पालना है। सवारी नहीं मिलेगी तो रोजी रोटी कैसी चलेगी। ई- रिक्शा महिलाएं और लड़कियां भी चलाती हैं। उनके साथ भी दुर्व्यवहार होता है। बस स्टैंड के अलावा चौक-चौराहों में भी विवाद करते हैं।

तहसीलदार सूरज बंछोर ने मामले को देखते हुए दोनो पक्षों को समझाइश दी। निगम से चर्चा कर होटल आशियाना के पास वाहन खड़ा करने जगह निर्धारित की गई।

आटो यूनियन के साहिल अहमद ने कहा कि ई-रिक्शा चालक ही विवाद करते है। बस स्टैंड में दोनों के लिए स्थान निर्धारित हैं। उनके साथ कभी भी दुर्व्यवहार व मारपीट नहीं की गई।

# मॉडल स्कूल के छात्रों ने दिखाई प्रतिभा







- सर्वांगीण विकास के लिए शैक्षणिक, रचनात्मक एवं सामाजिक गतिविधियां हुईं



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

मॉडल अंग्रेजी उच्चतर माध्यमिक शाला में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से अप्रैल माह में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस आयोजन में नर्सरी से लेकर कक्षा 12वीं तक के छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों ने शैक्षणिक, रचनात्मक, सांस्कृतिक और सामाजिक गतिविधियों में भाग लेकर न सिर्फ अपनी क्षमता का विकास किया, बल्कि आत्म-विश्वास, टीम वर्क और नेतृत्व कौशल जैसे जीवनोपयोगी गुण भी सीखे। प्राथमिक कक्षा के बच्चों के लिए ड्राइंग, क्राफ्ट, फल-सब्ज़ी सलाद बनाना, एक्शन सॉन्ग और खेलकूद जैसी गतिविधियां आयोजित की गईं। उच्च कक्षाओं के विद्यार्थियों ने विज्ञान मॉडल, गणितीय प्रस्तुतियां, कहानी लेखन, संस्कृत शुद्ध उच्चारण, सामाजिक मुद्दों पर संवाद, पाक कला और आर्ट एंड क्राफ्ट जैसी विविध गतिविधियों में भाग लिया। उनकी गंभीरता, कल्पनाशीलता और ज्ञान का स्तर सराहनीय रहा। इस आयोजन में प्राचार्या श्रीमती नीता सलमान, अशोक देशमुख, अर्पण राज पटेल, मनोजराव पवार सहित सकूल स्टाफ का सहयोग रहा। यह आयोजन शिक्षा को केवल किताबी ज्ञान तक सीमित न रखते हुए उसे एक प्रेरणादायक और अनुभवात्मक प्रक्रिया में बदलने का सफल प्रयास रहा। ऐसे आयोजन विद्यार्थियों को जिम्मेदार, रचनात्मक और आत्मनिर्भर नागरिक बनने की दिशा में प्रेरित करते हैं।

करोड़ों से बनने वाले रिटर्निंग वॉल में अनियमितता का लगाया आरोप

# सोरिद पुल से मुक्तिधाम तरफ बन रहे नाले का कांग्रेस पार्षदों ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



सोरिद पुल से मुक्तिधाम तरफ निर्माणाधीन नाला का कांग्रेस पार्षदों ने निरीक्षण किया। निगम के नेता प्रतिपक्ष दीपक सोनकर ने आरोप लगाया कि नाला निर्माण में भारी अनिमियतता बरती जा रही है। बिना ड्राइंग डिजाइन के निर्माण कार्य किया जा रहा है। कुछ माह पूर्व सोरिद मुक्तिधाम के पीछे बने बने बीटी रोड को उखाड़कर 10 फीट गड्ढा किया जा रहा है जो जांच का विषय है। उपनेता प्रतिपक्ष विशु देवांगन ने कहा कि करोड़ रुपए से बनने वाले नाले में भारी लापरवाही की जा रही है। पैसा का दुरुपयोग किया जा रहा है। इससे सोरिद जोधापुर, डाकबंगला वार्ड सहित कई वार्ड बरसात के दिनों में जलमग्न होंगे।

पार्षद सुमन मेश्राम ने कहा कि गर्मी में वार्ड में लगातार पानी की समस्या बनी रहती है। नगर निगम द्वारा पानी टैंकर की कमी बताई जाती है वहीं यहां ठेकेदार द्वारा नगर निगम के टैंकर का उपयोग किया जा रहा है और सोरिद पानी टंकी से रोज आठ से दस टैंकर पानी लिया जा रहा जिसके कारण डाकबंगला वार्ड सहित अन्य वार्ड में पानी की सही सप्लाई नहीं हो पा रही है। वार्डों में पानी की गंभीर समस्या बनी हुई है। निरीक्षण करने पार्षद योगेश लाल, सूरज गहरवाल, उमा भागी ध्रुव, गजानंद रजक उपस्थित थे।

### बाबा साहेब अंबेडकर की जयंती मनाई गई

**नगरी।** द कम्पिटिशन एकेडमी नगरी में डा भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत अंबेडकर की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर की गई। बच्चों ने अंबेडकर की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए संविधान के महत्व को बताया। एकेडमी के डायरेक्टर इंदु पटेल ने भी संविधान में लिखी गयी बातों को जीवन में अमल करने कहा। संविधान को पढ़ना केवल शिक्षा के उद्देश्यों को पाना ही नहीं है। आगे कहा कि जिस तरह मानस सम्मेलन के जरिये रामचरित मानस का मंचन होता है, ठीक उसी तरह हमारे भारतीय संविधान मंचन होना चाहिए जिससे समूचे भारत के नागरिक को संविधान की जानकारी हो सके।

# केवल रायपुर संभाग में शिक्षकों की पदोन्नति नहीं हुई

- कोर्ट से मामला निपट गया, अब डीपीआई से मार्गदर्शन का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा, प्रदेश संयोजक सुधीर प्रधान, प्रदेश उपाध्यक्ष देवनाथ साहू एवं प्रदेश कोषाध्यक्ष शैलेन्द्र पारीक ने बताया कि एसोसिएशन ने 2021में राजपत्र में 5 वर्ष में पदोन्नति के प्रावधान को शिथिल करते हुए वन टाइम रिलेक्सेशन की मांग की थी जिसके चलते पूरे प्रदेश में सहायक शिक्षक की प्राथमिक शाला प्रधानपाठक एवं शिक्षक के पदों पर पदोन्नति हुई। इसी प्रकार शिक्षकों की पदोन्नति पूरे प्रदेश के चार संभागों में पूर्व माध्यमिक शाला प्रधान पाठक के पदों पर हुई, किन्तु रायपुर संभाग में 3 वर्ष बीत जाने के बावजूद शिक्षकों की पदोन्नति पूर्व माध्यमिक शाला प्रधानपाठक के पद पर आज पर्यन्त नहीं हुई है, जिससे रायपुर संभाग के शिक्षक संवर्ग टी एवं ई मानसिक एवं आर्थिक रूप से परेशान हैं साथ ही उनकी वरिष्ठता प्रभावित हो गई है।

संभाग स्तर पर इस हेतु संयुक्त संचालक रायपुर को कई बार मांग पत्र दिया गया। उनके द्वारा हर बार यही बताया गया कि प्रधानपाठक पूर्व माध्यमिक शाला के पदों पर पदोन्नति का मामला न्यायालय में लंबित है, अब चूंकि उच्च न्यायालय द्वारा समस्त प्रकरणों का निराकरण किया जा चुका है फिर भी संयुक्त संचालक रायपुर द्वारा डीपीआई के मार्गदर्शन की प्रतीक्षा का हवाला दिया जा रहा है, जिससे शिक्षकों में रोष है। क्योंकि डीपीआई द्वारा सभी संभाग में पदोन्नति करने का आदेश पूर्व से ही है। एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा ने रायपुर संभाग में पूर्व माध्यमिक शाला प्रधानपाठक के पदों पर शीघ्र पदोन्नति करने हेतु डीपीआई से दखल देकर आवश्यक निर्देश जारी करने पत्र लिखकर मांग की है।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
स्थायी ईलाज
विशेषताएं-
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020

# कांग्रेस 21 को मुख्यमंत्री निवास का घेराव करेगी



- कार्यक्रम की रूपरेखा बनाने राजीव भवन में कांग्रेसियों की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने राज्य में बदहाल कानून व्यवस्था सहित प्रदेश में महिलाओं व अबोध बच्चियों के साथ हो रहे अत्याचार के विरोध में 21अप्रैल को मुख्यमंत्री निवास घेराव का आव्हान किया है। इस आयोजन हेतु राजीव भवन धमतरी में बैठक आयोजित की गई है। जिसमें वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकर्ताओं को कार्यक्रम में शामिल होने अलग-अलग जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में शरद लोहाना अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी, विधायक ओंकार साहू, पूर्व विधायक लेखराम साहू, प्रदेश संयुक्त महामंत्री पंकज महावर, पूर्व जिला अध्यक्ष मोहन लालवानी, पूर्व दुग्ध महासंघ अध्यक्ष विपिन साहू, जिला कोषाध्यक्ष सलीम रोकड़िया, जिला महामंत्री आलोक जाधव, ब्लॉक अध्यक्ष आकाश गोलछा, योगेश शर्मा, घनश्याम साहू, नगर निगम नेता प्रतिपक्ष दीपक साहू, उप नेता प्रतिपक्ष विशु देवांगन, सेवादल जिला अध्यक्ष होरीलाल साहू, विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष हितेश गंगवीर, रामनाथ यादव, जिला महामंत्री प्रकाश पवार, तनवीर कुरैशी, विक्रांत पवार, पूर्व पार्षद सोमेश मेश्राम, गुड्डा दीवान, उदितनारायण साहू, श्रवण साहू, खिलेन्द्र साहू, तारिक रज़ा कादरी, आशुतोष खरे, सूरज पासवान, गीतराम सिन्हा, देवेंद्र देवांगन, डोमेश्वर साहू, वातांजलि गोस्वामी, भागी ध्रुव, नमन बंजारे, सुनील सिन्हा, राजेन्द्र यादव उपस्थित थे।

# 29 को निकलेगी ब्रम्हा गर्जना रैली, 30 को परशुराम का पूजन व अभिषेक होगा



- भगवान परशुराम का प्राकट्य महोत्सव मनाने ब्राम्हण समाज की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

विगत दिनों ब्राम्हण समाज की बैठक हुई। बैठक में भगवान परशुराम का प्रकटोत्सव मनाने पर चर्चा की गई। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 29 अप्रैल को ब्रम्हा गर्जना वाहन रैली शाम को 5 बजे रिसाई माता मंदिर से निकलेगी जो विंध्यवासिनी मंदिर के पास समाप्त होगी। 30 अप्रैल को भगवान परशुराम का पूजन, अभिषेक, हवन सुबह 10 बजे से रिसाई माता मंदिर में होगा। दोपहर 2 बजे महिला शाखा के सांस्कृतिक कार्यक्रम के बाद शाम 6 बजे परशुराम चौक म्युनिसिपल स्कूल के पास महिला शाखा द्वारा 108 दीप प्रज्वलित किया जायेगा।

2 मई को अष्ट धातु से निर्मित भगवान परशुराम की पालकी यात्रा एवं मकई चौक के पास सर्वसमाज द्वारा महाआरती शाम 5 बजे करने का निर्णय लिया गया है । पालकी यात्रा मां विंध्यवासिनी मंदिर में समाप्ति होगी। बैठक में राकेश दीवान जिलाध्यक्ष, तहसील अध्यक्ष सूर्यकांत तिवारी, मार्गदर्शक मंडल अशोक मिश्रा, विद्याशंकर दीवान, पं संतोष तिवारी, राजकुमार मिश्रा, कृपाशंकर मिश्रा, मदन शर्मा, भूपेन्द मिश्रा, मुरलीधर दीवान, राजकुमार मिश्रा, नरेन्द्र मिश्रा, विनोद कुमार पाण्डेय, रोहिताश मिश्रा, श्रीमती पूजा मिश्रा, सरिता दीवान, हिमांचल पांडे, हुबलाल, राकेश तिवारी, निशांत दुबे,डॉ प्रदीप शर्मा, आशुतोष शर्मा, दीपक पाण्डेय, जयप्रकाश झा, अमन, कान्हा, अतुल तिवारी, देवेन्द्र मिश्रा, पंडित महेश शास्त्री, शैलेन्द्र दीवान, अजय त्रिपाठी, सुनील चौबे, भानुप्रताप तिवारी मौजूद थे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी पंडित राजकुमार तिवारी, आशुतोष शर्मा ने दी है।

रायपुर के सुपर स्पेशलिस्ट विशेषज्ञ से मिलिए
22 अप्रैल दिन मंगलवार गायत्री मंदिर, कुरूद
23 अप्रैल दिन बुधवार सूरज मेडिकल, धमतरी
समय - सुबह 10 से 3 बजे तक
असाध्य रोग मिटाओ
होम्योपैथी दवा द्वारा बीमारी का जड़ से निदान
यदि आपको ऑपरेशन की सलाह दी गई है तो कृपया एक बार अवश्य मिलें
मूत्र एवं किडनी रोग ओपीडी
क्या आपके मूत्र मार्ग में जलन, दर्द
बार-बार पेशाब जाने की इच्छा होती है क्या?
पेशाब नली में सिकुड़न (Urethral Stricture)
प्रोस्ट्रेट ग्रंथी का बढ़ना (BPH),
UTI बार बार इंफेक्शन Pus Cell बनना।
- अंडकोष में सूजन (Hydrocele), Varicocele) पथरी
- रात्रि में पेशाब ज्यादा होना, पेशाब कपड़े में ही छूट जाना लिकेज होना।
- ऐसा लगता है पेशाब अधूरा है और करने की इच्छा होती है।
- पेनिस में दाने, छाले, खुजली, चमड़ी फटना
- यौन कमजोरी Erectile Dysfunction शुक्राणु की कमी
- क्या आप पेशाब मार्ग में पाईप डालते है?
जर्मन दवाईयों पर 20% की छूट
कृपया असुविधा से बचने के लिए अग्रिम रजिस्ट्रेशन
Dr Lal PathLabs से खून जांच पर 60% की छूट
मिरैकल्स होम्योपैथी
प्रो. डॉ. ए.के. चौरसिया एम.डी., (होम्योपैथी मेडिसिन) | डॉ. एस. चौरसिया एम.एस., (पाईल्स रोग विशेषज्ञ)
8982316464, 9406004581
स्थाई - पता कटोरा तालाब नेताजी चौक रायपुर

स्वामी जी-93406-38884
By Train- रिजर्वेशन कोच
रामेश्वरम धाम यात्रा
तिरूपति बालाजी, श्री रामेश्वरम, कन्याकुमारी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, त्रिवेन्द्रमपुरम केरला, मदुरै-माँ मिनाक्षी देवी, पद्मनादम् स्वामी, केरला, सुन्द्रेश्वर महादेव,
यात्रा दिनांक 29 मई 2025 16 जुलाई 2025 27 जुलाई 2025 16 अगस्त 2025 09 सितंबर 2025 10 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर- 18,501/-, 3AC-29,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866, 82757-57579
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 13,500/
By Train-रिजर्वेशन कोच
01 जुलाई से 11 जुलाई , 15 जुलाई से 25 जुलाई, 27 जुलाई से 06 अगस्त 2025(11 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
अमरनाथ यात्रा
बाबा अमरनाथ, माता वैष्णव देवी
11 यात्रियों की बुकिंग पर एक यात्री निःशुल्क
नोट :- बुकिंग आप जल्द करवाले क्योंकि रजिस्ट्रेशन व मेडिकल करवाना अनिवार्य रहता है।
राशि:-स्लीपर 13,500/-, 3 एसी 20,500/-, 2 एसी 25,500/-[+ 5% GST]
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411